महिला एवं बाल स्वास्थ्य जागरूकता शृंखला

ग्राम स्वशासन अभियान

(आसरा, संवाद, एराउज़, लोक जागृति क्रेंद)

phia to end poverty

Azim Premji Philanthropic Initiatives

पुस्तिका के विषय में

ग्राम स्वशासन अभियान के तहत फिया फाउंडेशन द्वारा अजीम प्रेमजी फिलान्थ्रोपिक इनिशियेटिव प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से महिला एवं बाल स्वास्थ्य जागरूकता शृंखला सामग्री तैयार की जा रही है जिसके उपयोग से आम जन, ग्राम सभा व पंचायतें बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रेरित होंगे।
प्रस्तुत पुस्तिका "समेकित बाल विकास परियोजना (ICDS)" के बारे में सरल शब्दों में जानकारी उपलब्ध कराने के लिए है।
समेकित बाल विकास परियोजना के तहत आंगनबाड़ी केन्द्र गाँव के स्तर पर सेवाएं देने के लिए है।
– आंगनबाड़ी केन्द्र पर 0–3 साल के बच्चों के लिए पूरक पोषाहार,
– 3–6 साल के बच्चों के लिए पोषाहार,
– 0 से 6 साल के बच्चों के लिए टीकाकरण,
– गर्भवती व धात्री माताओं के लिए पूरक पोषाहार,
– 3–6 साल के बच्चों के लिए प्री – स्कूल की व्यवस्था
– किशोरियों के लिए पोषाहार व स्वास्थ्य जाँच
– बच्चों में कुपोषण के स्तर की जाँच, व आवश्यकता पड़ने पर NRC या स्वास्थ्य केन्द्र में रेफर करना।
आंगनबाड़ी केंद्र की निगरानी व सहयोग के लिए मुखिया, वार्ड सदस्यों के साथ– साथ स्थानीय नागरिकों की भी अहम भूमिका है।

आशा है कि यह पुस्तिका और साथ में दी जा रही अन्य सामग्री जैसे कि पोस्टर इत्यादि आम जन व पंचायत प्रतिनिधियों के लिए बहुत उपयोगी होगी।

शुभकामनाओं सहित
ग्राम स्वशासन अभियान

गर्भवती महिलाओं का पोषण

नवजात शिशु को जन्म के एक घंटे के अंदर माँ का पहला गाढ़ा पीला दूध पिलाना आवश्यक है।

बच्चे को छः माह तक सिर्फ माँ का दूध दें।



छः माह के बच्चे को ऊपरी आहार भी दें।
जैसे – अंण्डा, गाय का दूध, दलिया इत्यादि

छः माह से छः वर्ष तक निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र में पूरक पोषाहार एवं अन्य सुविधाएं प्राप्त करें।

किशोरी और गर्भवती का रखें ध्यान।

फिया फाउंडेशन भारत में कार्यरत एक राष्ट्रीय स्तर की स्वयंसेवी संस्था है। जो भारतीय ट्रस्ट अधिनियम के अन्तर्गत पंजीकृत है। फिया वर्तमान में पैक्स कार्यक्रम की सीख, सोच व सामाजिक आधार (पूंजी) को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। फिया, अजीम प्रेमजी फिलान्थ्रोपिक इनिशियेटिव प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से स्थानीय स्तर लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिये झारखण्ड के 3 जिलों की 40 ग्राम पंचायतों और 354 गाँवों में ग्राम स्वशासन अभियान के माध्यम से ग्राम सभा और स्थानीय नागरिकों के बीच जागरूकता व क्षमता वर्धन के लिए कार्यक्रम चला रही है।

प्रस्तुत पुस्तिका महिला और बाल स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता के लिये तैयार की गई है। आशा है कि यह नागरिकों विशेष तौर पर वंचित समुदाय के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

2446/08/18 • KAILASH PAPER • 0651-2532251

ग्राम स्वशासन अभियान

(आसरा, संवाद, एराउज़, लोक जागृति क्रेंद)